an>

Title: Regarding Chambal-Panchana-Jagar lift project for drinking and irrigation purpose in Karauli Parliamentary Constituency, Rajasthan - laid.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले की चम्बल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना पेयजल एवं सिंचाई से संबंधित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण परियोजना है। इसकी मांग कई दशकों पुरानी है। जगर बांध बीते कुछ दशकों में समीपस्थ पहाड़ियों में अवैध खनन होने के कारण आवक की कई प्रमुख धाराऐं बन्द होने से इसके सूखने से इसकी नहरें सूख गयी हैं। इस कारण हिण्डौन उपखण्ड के किसानों की खेती पर काफी प्रभाव पड़ा है। उक्त परियोजना के द्वारा लगभग 02 लाख की आबादी वाले हिण्डौन सिटी कस्बे की पेयजल समस्या का समाधान भी संभव हो सकेगा। वर्तमान में यह परियोजना ई.आर.सी.पी. में सम्मिलित है। क्योंकि उक्त ई.आर.सी.पी. काफी विस्तृत परियोजना है, इसमें पूर्वी राजस्थान के 13 जिले सम्मिलित हैं। राजस्थान की वर्तमान सरकार के रवैये के कारण इसमें चम्बल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना को पर्याप्त महत्व मिल पाने की संभावनाऐं सीमित हैं। अतः सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र की चम्बल-पांचना-जगर लिफ्ट परियोजना के लिए राज्य सरकार से पृथक से प्रस्ताव तैयार कर मंगवाने तथा उक्त योजना के कार्य को शीघ्र आरंभ करवाने की कृपा करें।